महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

पत्र सं. . 25-1/2024(शै.)/मसारावेविप्र/ दिनांक 08-05-2024

अधिसूचना /1439

विषय :-पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) प्रशिक्षण आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में तथा प्रतिष्ठान की अधिकृत समितियों की अनुशंसा से प्रतिष्ठान की अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों के वेद अध्यापकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण अध्यापकों के गुणवत्ता में सुधार, ज्ञानवृद्धि तथा अध्ययन-अध्यपन की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालन के लिये आयोजित किया जाना आवश्यक है।

वेद पाठशालाओं/गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों के वेद अध्यापकों की सेवाएँ 5 वर्ष अथवा 10 वर्ष पूर्ण होने पर मानदेय वृद्धि प्रदान किये जाने का प्रावधान है। ऐसे वेद अध्यापकों के लिये वर्ष 2024-25 में देश के विभिन्न स्थानों पर निम्नानुसार पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं :-

क्र.	प्रशिक्षण का स्थान	वेद एवं शाखा	प्रशिक्षण की तिथि
1	श्री स्वामी नरोत्तमानन्द गिरि वेद विद्यालय, श्री परमानन्द आश्रम ट्रस्ट, पोस्ट नई झूंसी, प्रयागराज 221506 (उत्तर प्रदेश)	शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन शाखा	17 से 31 मई, 2024
2	स्वामी वेदान्ती वेदविद्यापीठ श्री रामानन्द विशवहितकारिणी परिषद बी - 24/19 काशमीरीगंज गुरुधामकालोनी वाराणसी(उ.प्र) पिन कोड- 221010	शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन शाखा	17 से 31 मई, 2024
3	श्री गुरु शङ्कराचार्य वेद विद्यालय समिति, ग्राम नेपाली पथार, पोस्ट गमिरि जिला शोणितपुर-784172, (असम)	शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन शाखा	17 से 31 मई, 2024
4	वेदस्थली शोध संस्थान, 12 मातृ प्रासाद शरद विहार कालोनी अवधूत मण्डल के सामने ज्वालापुर, हरिद्वार-249410 (उत्तराखण्ड)	सामवेद	17 से 31 मई, 2024
5	महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन (म.प्र.) के परिसर में	अथर्ववेद	17 से 31 मई, 2024

उपर्युक्त पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले वेद अध्यापकों की सूची संलग्न है। सूची अनुसार समस्त वेद अध्यापकों को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में उपस्थित होना अनिवार्य है। उपस्थित न होने की स्थिति में प्रतिष्ठान द्वारा प्रदान किये जाने वाला मानदेय बाधित हो सकता है तथा भविष्य में मानदेय वृद्धि करने पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

1. कार्यक्रम स्थल पर आने-जाने के लिए तृतीय श्रेणी वातानुकुलित रेल किराया यात्रा विवरण फार्म के साथ मूल टिकट प्रस्तुत करने पर प्रतिष्ठान द्वारा सीधे खाते में भुगतान कर दिया जायेगा। (फार्म के साथ मूल टिकट लगाना अनिवार्य है।)

2. प्रतिष्ठान द्वारा प्रतिभागी अध्यापकों को आने-जाने एवं प्रशिक्षण दिवसों सहित कार्यावकाश प्रदान किया जायेगा।
3. किसी भी अध्यापक द्वारा धर्मपत्नी, बच्चों या किसी भी पारिवारिक सदस्य/मित्र को अपने साथ लाना प्रतिबन्धित है। ऐसे प्रतिभागी का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में प्रवेश वर्जित होगा।

यह अधिसूचना प्रतिष्ठान सचिव महोदय के आदेशानुसार जारी की जा रही है।

नोट :- पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के दौरान जिन अध्यापकों का निर्वाचन 2024 में मतदान हो वे प्रतिष्ठान को सूचित करें।

संलग्न :- प्रतिभागी अध्यपकों की सूची।

भवदीय,

8.5.24

(संजय श्रीवास्तव)
सहायक निदेशक

प्रतिलिपि :-

1. सम्बन्धित समस्त संस्था एवं वेदाध्यापकों को पालनार्थ।
2. प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।
3. कार्यालय आदेश नस्ती।
4. सम्बन्धित फाइल।